सेवा इंटरनेशनल द्वारा वेटरनरी हेल्थ कैंप का आयोजन

जैसलमेर डेजर्ट स्टॉर्म न्यूज

जैसलमेर। बरणा व तेजसी गांव में सेवा इंटरनेशनल के तत्वावधान में पशुपालकों के लिए एक वेटरनरी हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का नेतृत्व डॉ. गौरव कुमार जैन द्वारा किया गया। शिविर में विशेष रूप से भेड़-बकरी पालकों को पशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कैंप के दौरान पशुओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रोगों की पहचान, टीकाकरण, कृमिनाशक दवाओं का तथा पोषण प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ. गौरव कुमार जैन ने पशुपालकों को बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं उचित देखभाल से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है।

इस अवसर पर पशुपालकों ने भाग लिया और शिविर का लाभ उठाया। पशुपालकों ने सेवा इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित करने की मांग की।

सेवा इंटरनेशनल के प्रतिनिधि महावीर सेन ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को तकनीकी जानकारी एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।